खिलाड़ियों ने खेलों में राष्ट्रीय व को बिना पक्षपात आगे बढ़ने का मौका दें। किया जाएगा। संवाद जाएगा। संस्था के सह सचिव नरेश मित्तल

पराली न जलाने के लिए जागरूक करने की दिलाई शपथ

संवाद न्यूज एजेंसी

राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय रतिया की छात्राओं ने कॉलेज प्रांगण में चलाया स्वच्छता अभियान

रतिया। राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय रतिया में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाई ने एक दिवसीय स्वच्छता शिविर का आयोजन किया। छात्राओं ने सफाई अभियान चलाया। शिविर का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. रविंद्र पुरी ने किया।

प्राचार्य ने स्वयंसेविकाओं को पराली न जलाने के लिए जागरूकता अभियान को निष्ठापूर्वक सफल बनाने की शपथ दिलवाई। उन्होंने कहा कि वे अपने परिजनों को पराली नहीं जलाने के प्रति जागरूक करें। पराली का धुंआ हमारे वातावरण व स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डालता है। डॉ. सीमा ने पराली के सुव्यवस्थित ढंग से समाधान के बारे में स्वयंसेविकाओं को बताया। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई प्रभारी प्रो. सीमा सिरोही ने एनएसएस की नई स्वयंसेविकाओं का परिचय देते हुए कार्यप्रणाली से अवगत कराते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य और महत्व बताया। द्वितीय इकाई प्रभारी प्रियंका मेहरा ने एनएसएस के आने वाले समय में होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा से अवगत करवाया और हरियाणा वीर एवं शहीदी दिवस के बारे में बताया। स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय के प्रांगण, पुस्तकालय भवन, कंप्यूटर, भूगोल, भाषा प्रयोगशाला, कक्षा कक्ष आदि विभिन्न स्थानों की सफाई करके श्रमदान दिया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के सदस्य डॉ. बलकार, डॉ. सैन कुमार, प्रो. बिंदु और दोनों इकाई की स्वयंसेविकाएं उपस्थित रहीं।

रतिया के राजकीय महिला कॉलेज में सफाई अभियान चलातीं कॉलेज की छात्राएं। *संवाद*